# साढ़े 7 करोड़ का पुल 2 साल से अधूरा

## लापरवाही : अब तक केवल कुछ आधे-अधूरे पिलर ही खड़े हो पाए

- बारिश में टूट गया 28 गांवों का संपर्क
- कछुआ गति से निर्माणाधीन है सामतपुर हर्री-बर्री पुल



नवभारत

**अनूपपुर, 7 जुलाई. जिला मुख्यालय अनूपपुर से सामतपुर, हर्री और बर्री गांवों को जोड़ने वाला पुल दो वर्षों से निर्माणाधीन है, जिसकी लागत 7.40 करोड़ है.**

लेकिन पुल निर्माण की रफ्तार इतनी धीमी है कि अब तक केवल कुछ पिलर ही खड़े हो पाए हैं. बारिश के कारण तिपान नदी में जलस्तर बढ़ने से निर्माण कार्य आगामी 3-4 महीनों तक ठप रहने की संभावना है. नदी के बीच बनी अस्थायी पगडंडी—जो ग्रामीणों का एकमात्र सहारा थी, बारिश के पानी में डूब चुकी है, जिससे आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है. इस पुल के न बनने से सामतपुर, हर्री, बर्री, कोलमी, अमगंवा, छुलकारी और फुनगा सहित करीब 28 गांवों के सैकड़ों लोगों को रोजाना 4-5 किलोमीटर लंबा चक्कर काटकर जिला मुख्यालय आना-जाना पड़ रहा है. स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मध्यप्रदेश सेतु निगम द्वारा निर्माण कार्य में शुरुआत से ही गंभीरता नहीं दिखाई गई. ग्राम हर्री निवासी सियालाल राठौर ने बताया कि दो साल से काम हो रहा है, लेकिन अब तक पुल तैयार नहीं हुआ. पहले लोग नदी के किनारे बनी पगडंडी से आते-जाते थे, लेकिन अब बारिश में यह रास्ता डूब जाता है. सामतपुर के विजय राठौर ने बताया कि पुल टूटने के कारण गांव के बच्चों को स्कूल जाने के लिए अब रोज 5 किलोमीटर का लंबा रास्ता तय करना पड़ता है. इससे बच्चों को थकान होती है और उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है. कई बार शिकायत करने के बावजूद पुल निर्माण की गति बेहद धीमी बनी हुई है.

**कब बनेगा पुल?** यह पुल अनूपपुर जिला मुख्यालय से सामतपुर-हर्री-बर्री होते हुए फुनगा तक संपर्क मार्ग का हिस्सा है. 9 अक्टूबर 2019 को पुल का एक हिस्सा नदी में धंस गया था, जिसके बाद से वाहनों की आवाजाही बंद है. 2020 में सामतपुर की ओर से दूसरा छोर भी क्षतिग्रस्त हो गया.

### पूर्व मंत्री की मांग पर बन रहा पुल

पुल निर्माण के लिए पहले 6.80 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया गया था, जिसे बढ़ाकर 7.40 करोड़ की मंजूरी दी गई. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा 4 अक्टूबर 2021 को आदेश जारी किया गया था. प्रदेश के पूर्व खाद्य मंत्री बिसाहूलाल सिंह द्वारा सितंबर 2020 में पुल निर्माण की मांग मुख्यमंत्री से की गई थी, जिस पर सहमति मिली थी .जिला पंचायत अनूपपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया कि सेतु निगम को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं. लेकिन जमीन पर फिलहाल कोई ठोस प्रगति नजर नहीं आ रही.



### वन संपदा सप्ताह : 7 हजार पौधे वितरित

**झाबुआ.** बीते 5-6 वर्षों से पौधारोपण और वन संपदा समृद्धि हेतु शिवगंगा परिवार लगातार काम कर रहा है. इस अभियान के तहत सोमवार को शिवगंगा झाबुआ के जन संवर्धन दल की कार्यकर्ता किरण भूरिया के नेतृत्व में करीब 7 हजार पौधे वितरित किए गए. ने स्वच्छ गांव-स्वस्थ परिवार के उद्देश्य के साथ आयोजित आरोग्य वन सप्ताह के प्रथम दिन आयोजित प्रशिक्षण व पौधा वितरण समारोह में कही.

# ग्रामीणों ने अपने खर्च से बना दी 3 किमी सड़क

## मार्ग की समस्या को देखते हुए करजू में किया निर्माण



**मोहन बड़ोदिया, 7 जुलाई. मोहन बड़ोदिया जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत करजू में ग्रामीणों ने स्वयं के खर्च से 3 किलोमीटर लंबा पत्थरों का मार्ग बना दिया.**

ग्राम करजू के सुनील आर्य ने बताया कि बारिश के समय हमें खेत पर जाने के लिए काफी समस्या का सामना करना पड़ता था एवं एक-एक फीट कीचड़ के मार्ग से हम निकलते थे. हमने इसकी सूचना कई बार ग्राम पंचायत को भी दी, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया. आर्य ने बताया कि मार्ग पर हमने पत्थर डालकर रास्ता सही बना दिया, क्योंकि यह मार्ग 3 किलोमीटर लंबा है.

नगर में इसी मार्ग पर भोना जी महाराज का देवस्थान भी है. जहां पर रोजाना ग्रामीण जाते हैं. इस मार्ग को बनाने में कुल 4 लाख का खर्च आया. ग्रामीण बृजमोहन दरवाजे वाले, संजय पाएगा, अशोक खाती, अरविंद आर्य, राधेश्याम आदि ग्रामीणों का सहयोग रहा है. ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मार्ग को खेत सड़क योजना से जोड़ा जाए, ताकि रास्ता और व्यवस्थित बन जाए.

### लॉटरी के खेल में फंसीं दो बहनें, जहर खाया

**सिवनी.** सिवनी जिले में ऑनलाइन ठगी का एक दुखद मामला सामने आया है. जहां लॉटरी के नाम पर खेल हो जाने के बाद दो सगी बहनों ने शर्म के चलते जहर खा लिया. इस घटना में एक बहन की मौत हो गई है, जबकि दूसरी की हालत गंभीर है. यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना जिले के बरघाट थाना क्षेत्र के अंखिवाड़ा गांव में हुई. परिवार वालों ने बताया कि ठगी का एहसास होने के बाद दोनों बहनों ने इस बात को घरवालों से छिपाकर रखा. उन्हें डर था कि यदि घरवालों को पता चलेगा तो क्या होगा. इसी डर और शर्मिंदगी के चलते उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठा लिया. घटना के बाद दोनों बहनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां बड़ी बहन चितेश्वरी पारधी की इलाज के दौरान मौत हो गई.

# जमधड़ नदी में पहुंच रही खुलेआम गंदगी



**शुजालपुर, 7 जुलाई. शहर के मध्य से गुजरने वाली जीवनदायनी मां जमधड़ नदी, जिसे वर्ष में एक बार भव्य आयोजन कर पूजा जाता है. उसी नदी के जल को वर्षभर गंदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही.**

जनप्रतिनिधि व अधिकारी विगत कई वर्षों से शहर से निकलने वाले गंदे पानी और गंदगी को नदी में मिलने से रोकने के लिए करोड़ रुपए की लागत वाली योजना मंजूर होने की बात तो करते हैं, लेकिन वास्तविकता में नदी में बहने वाली जलधारों को शहर से निकलने वाला गंदा पानी और गंदगी दूषित कर रही है. बड़े आश्चर्य की बात है कि गत माह प्रदेशभर में जोर-शोर पर जल गंगा संवर्धन अभियान मनाया गया. शाजापुर जिले में भी इसको लेकर आयोजन हुए, स्थानीय नगर पालिका ने भी अभियान के नाम पर औपचारिकताएं निभाई. इस अभियान के अंतर्गत मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार एवं जल स्त्रोतों की सफाई के साथ ही जल संरक्षण के लिए जागरूकता उत्पन्न करनी थी, जिस महकमे पर यह दायित्व है, वह स्वयं ही जल संरक्षण व पेयजल को दूषित करने की समस्या को लेकर जागरूक नहीं है.

### यह गंदा पानी सीधे नेवज नदी में पहुंचता है

अब यह गंदगी और गंदा पानी आगे जाकर नेवज नदी में मिलेगा. इसी नेवज नदी पर बने बामनघाट का पानी पेयजल के रूप में शहर के हजारों रहवासी पीते है. ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर में किस तरह का पेयजल वितरित हो रहा है. यदि इस विषय को लेकर प्रशासन और जवाबदार सजग नहीं हुए, तो भविष्य में गंभीर परिणाम भी नागरिकों को भोगना पड़ सकते हैं.

# कलेक्टर गर्ग ने हिमांशु को किया सम्मानित

**मंदसौर 7 जुलाई. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोविंद सिंह चौहान मंदसौर द्वारा बताया गया की डिविजनल कमांडेंट होमगार्ड से प्राप्त निर्देश पर डॉ हिमांशु यजुर्वेदी को राज्य होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र, भोपाल में एक सप्ताह के नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विषय पर मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात उप पुलिस महानिरीक्षक मनीष कुमार अग्रवाल के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया.**



इसी क्रम में जिला कलेक्टर अदिति गर्ग के द्वारा आज स्वास्थ्य विभाग में सेवारत डॉ हिमांशु यजुर्वेदी को सम्मानित कर उनको डिप्टी चीफ वार्डन ऑफ सिविल डिफेंस की रेंक पहनाई है. स्वास्थ्य विभाग मंदसौर के विगत 60 वर्ष के इतिहास में और इस प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश के सभी प्रतिभागियों में डॉ हिमांशु यजुर्वेदी पहले ऐसे चिकित्सक प्रतिभागी है जिनको यह अवसर और मानद रेंक प्राप्त हुआ है, डॉ यजुर्वेदी वर्ष 2017 से इस कार्य में संलग्न है.

सिविल डिफेंस विभाग, भारत सरकार के गृह मंत्रालय का एक उपक्रम है जिसकी स्थापना वर्ष 1962 में हुई थी. जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की युद्ध के दौरान, आपदा प्रबंधन, आपातकालीन स्थिति एवं अन्य विषम परिस्थितियों में जान बचाना है. साथ ही जिला प्रशासन के साथ नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाया जाने में सहयोग करना है.

### न्यायालय में दो पहिया वाहनों से आने का संदेश

**शाजापुर.** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर आनंद कुमार तिवारी द्वारा स्वयं तथा उनके निर्देशन में जिला मुख्यालय शाजापुर के सभी न्यायाधीशगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाजापुर के अधिकारीगण आज अपने कर्तव्य स्थल न्यायालय में दो पहिया वाहन बाईक/स्कूटी से उपस्थित हुए. साथ ही प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी द्वारा यह भी निर्धारित किया है कि सभी न्यायाधीशगण एवं न्यायालय के कर्मचारीगण सप्ताह में 2 दिवस सोमवार एवं शनिवार को अपनी कारों से न आकर दो पहिया वाहन बाइक, स्कूटी, साइकिल का अपनी सुविधा अनुसार उपयोग करेंगे.

# मनासा में 4 दिन में 30 हजार सीड बाल रोपण

## नगर परिषद, गायत्री परिवार, भारत विकास परिषद से चला महाअभियान

**मनासा. पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यावरण मित्र संस्था, मनासा ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पठार क्षेत्र में 30,000 सीडबाल रोपण अभियान की शुरुआत की. यह चार दिवसीय अभियान क्षेत्र के पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है. प्रथम दिन ग्यारह हजार बीज रोपें गये.**

संस्था द्वारा तैयार किए गए सीडबाल स्थानीय जलवायु के अनुरूप बनाए गए हैं, जिनमें नीम, शीशम, करंज, पलाश, खेल और खजूर जैसे छायादार व औषधीय गुणों से युक्त पेड़ों के बीज शामिल हैं. मिट्टी, गोबर, जैविक खाद और बीज के मिश्रण से बने इन सीडबाल को वर्षा ऋतु में रोपित किया जा रहा है, जिससे इनके अंकुरित होने की संभावना अत्यधिक बढ़ जाती है. इस अभियान को सफल बनाने में नगर परिषद मनासा, गायत्री परिवार और भारत विकास परिषद का उल्लेखनीय सहयोग रहा. नगर परिषद ने परिवहन व्यवस्था, उपकरण और श्रमिक सहायता प्रदान की, वहीं गायत्री परिवार के स्वयंसेवकों ने पर्यावरणीय संदेशों के साथ जनजागरण किया.

भारत विकास परिषद ने सीडबाल निर्माण और वितरण में सहयोग दिया. पर्यावरण मित्र संस्था के संयोजक आनंद मानावत ने बताया कि, हमारा उद्देश्य केवल पौधारोपण करना नहीं, बल्कि हरियाली को स्थायित्व देना है. सीडबाल एक सरल लेकिन प्रभावशाली तकनीक है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में भी बिना अधिक प्रयास के वनस्पति विस्तार किया जा सकता है. संस्था का मानना है कि सामूहिक प्रयासों से ही पर्यावरणीय संकट से निपटा जा सकता है, और ऐसे अभियानों से न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि वर्षा, नमी और वन्यजीवों की वापसी भी सुनिश्चित हो सकेगी.

### हरियाली की ओर सामूहिक कदम

पठार क्षेत्र में 30,000 सीडबाल रोपण अभियान मनासा के लिए एक प्रेरणादायक पहल बन गया है. यह साबित करता है कि जब सामाजिक संगठन, स्थानीय प्रशासन और आम नागरिक एक साथ आते हैं, तो कोई भी बड़ा लक्ष्य संभव है. एक बीज, एक जीवन की भावना के साथ यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ाएगा, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों को भी शुद्ध व सुरक्षित पर्यावरण की सौगात देगा.

# नपा की स्वच्छता शाखा ने वेस्ट सामग्रियों से तैयार किया राफेल

**झाबुआ. नगरपालिका अध्यक्ष कविता सिंगार, उपाध्यक्ष लाखनसिंह सोलंकी एवं नपा सीएमओ मिलन पटेल के मार्गदर्शन में नगरपालिका की स्वच्छता शाखा टीम द्वारा वेस्ट सामग्रियों से विभिन्न कलाकृतियों का निर्माण कार्य जारी है.**



इसी क्रम में नपा के स्वच्छता शाखा प्रभारी टोनी मलिया के नेतृत्व में सफाई टीम ने भव्य आकृति का राफेल तैयार किया है. जिसे बनाने में 2 हजार 400 वेस्ट प्लास्टिक बोतलों का उपयोग होने के साथ 6 टायर, 4 ड्रम और एलाउंस बॉक्स का इस्तेमाल किया गया है. जिससे राफेल तैयार कर इसे फिलहाल बस स्टेंड के पीछे पुराने नगरपालिका भवन परिसर में रखा गया है. इसे बनाने में नपा की स्वच्छता शाखा टीम में नितेश रमेश, सचिन कालिया, विजय बाबुलाल, विजय धुलिया, कमलेश मन्नु, महेश बाबुलाल एवं अर्जुन सोहन आदि ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया है.

# गर्भवती महिलाओं का रखें ध्यान : सोमवंशी

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 7 जुलाई. समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने बरसात के महीने में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं.**



कलेक्टर ने कहा कि बरसात के मौसम में स्वास्थ्य कर्मियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है. आशा तथा एएनएम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सतत निगरानी रखी जाए. उन्हें समय पर टीका, दवाइयां एवं पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए. सुरक्षित प्रसव के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं. प्रसव की तिथि के आधार पर उनके संपर्क में रहते हुए सभी कार्यवाहियां की जाएं. सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को गंभीरता से लें.

कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि विभाग में आने वाली शिकायतों की अनुमानित संख्या के आधार पर प्रति दिवस शिकायतों की मानीटरिंग करें तथा उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण दर्ज करायें. उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को उक्त शिकायतों की स्वयं निगरानी करने तथा आगामी एक सप्ताह में लंबित शिकायतों को निरंक करने के निर्देश दिए है. कलेक्टर ने आंगनवाड़ी सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में पूरी पारदर्शिता तथा निष्पक्षता बरतने के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर दोषी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी.

### नपा के 22 कर्मचारियों को नोटिस जारी

**नीमच.** जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन व ई-केवाईसी प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं. नगर पालिका परिषद नीमच के कुछ कर्मचारियों द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर सीएमओ दुर्गा बामनिया ने 22 कर्मचारियों को नोटिस जारी कर 3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं. ई- केवाईसी कार्य में उत्तरोत्तर प्रगति नहीं होने पर 10 का वेतन भी रोक दिया है.

नगर पालिका परिषद के कार्यालय अधीक्षक कन्हैयालाल शर्मा ने बताया कि जनसुनवाई के प्रकरणों का समय पर निराकरण नहीं करने के कारण 4 कर्मचारी, सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में लापरवाही कर रहे थे.



# खजराना मंदिर पहुंचे अध्यक्ष हेमंत

**इंदौर. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को इंदौर के खजराना गणेश मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया एवं प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की.**

इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, संभाग प्रभारी राघवेन्द्र गौतम, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, विधायक मधु वर्मा, रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड, महेंद्र हार्डिया, उषा ठाकुर, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, जिला अध्यक्ष सुमित मिश्रा, इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा एवं प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन उपस्थित रहे.

**निर्देश** कमिश्नर ने नगर निगम की सीवर लाइन के कार्य 31 दिसंबर तक पूरा करने का अल्टीमेटम

# कचरा फैलाने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करें

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जुलाई, कमिश्नर बीएस जामोद ने नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में नगर निगम के कार्यों और विकास योजनाओं की समीक्षा की. कमिश्नर ने कहा कि रीवा तेजी से विकसित होने वाला शहर है. इसे अधोसंरचना विकास के साथ-साथ स्वच्छता में भी अव्वल बनाएं.**



बाजार तथा सार्वजनिक स्थलों में रात में साफ-सफाई कराएं. सफाई के बाद यदि कोई कचरा फैलाता है तो दण्डात्मक कार्यवाही करें. हर घर से कचरा संग्रहण की व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाएं.

कमिश्नर ने कहा कि सीवर लाइन से जुड़े सभी निर्माण कार्य 31 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से पूरे करें. जिन क्षेत्रों में सीवर लाइन का कार्य पूरा होता जा रहा है वहाँ सडक़ों में सुधार का कार्य तत्काल कराएं. सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण पूरा होते ही घरों में सीवरेज कनेक्शन तेजी से कराएं. आवास निर्माण की ठीक से मॉनीटरिंग न करने पर कमिश्नर ने प्रभारी अधिकारी आवास को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए. बैठक में कमिश्नर ने कहा कि शहर में स्वच्छता के लिए पुनः अभियान शुरू करें. प्रत्येक वार्ड के लिए नोडल अधिकारी तैनात कर दें. सफाई अभियान की लगातार मानीटरिंग करें. व्यापारी संघों और अन्य संगठनों के साथ बैठक करके बाजार में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें. बैठक में कमिश्नर ने कहा कि इस साल प्रदेश भर में लगातार अच्छी वर्षा हो रही है. शहर के बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन करके राहत और बचाव के लिए आवश्यक प्रबंध करें. शहर के नालों की साफ-सफाई और सुधार का कार्य सात दिवस में अनिवार्य रूप से पूरा करें.

### दिसम्बर माह तक पूरा हो जायेगा कार्य

बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि अमृत-1 योजना में 363.64 किलोमीटर में सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है. इसमें से 229.4 किलोमीटर में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो गया है. दिसम्बर माह तक कार्य पूरा हो जाएगा. इसके तहत 6 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य इसी माह के अंत तक पूरा हो जाएगा. केवल जयंती कुंज एसटीपी के उन्नयन का कार्य शेष बचेगा. गंदे नालों के पानी के ट्रीटमेंट के लिए इजरायली तकनीक का उपयोग करने के लिए कार्य शुरू हो गया है. अमृत-2 योजना इंटेक वेल जलशोधन संयंत्र और पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है.

# भुगतान नहीं होने से किसान नाराज



नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जुलाई. भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा कलेक्ट्रेट के सामने धान बिक्री का भुगतान न किये जाने सहित विभिन्न मांगो को लेकर प्रदर्शन किया गया और ज्ञापन सौप कर कार्यवाही की मांग की गई.**

दरअसल सेवा सहकारी संस्था बीड़ा क्रमांक दो में वर्ष 2024-25 की धान की बिक्री 63 किसानो ने की थी. जिसका भुगतान भ्रष्टाचार के चलते किसानो को नही हो पाया. आन्दोलन मे जिला अध्यक्ष सुग्रीव सिंह, किसान नेता मा. बुद्धसेन पटेल, उमेश पटेल, विश्वनाथ पटेल, हरिहर प्रसाद पटेल, धनश्याम सिंह, अखिलेश पटेल, वीरभद्र सिंह आदि मौजूद रहे.

भुगतान नहीं होने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के किसानों ने कलेक्ट्रेट के सामने चक्काजाम किया .किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस बल पहुंचा और किसानो की बात सुनी. तहसीलदार ने किसानो से बात की और एक प्रतिनिधि मंडल किसानो का कलेक्टर से मिलने पहुंचा जहा पूरी बात रखी गई. जिस पर कलेक्टर ने आश्वासन दिया धरना समाप्त कर दें, 45 दिन के अंदर पूरे मामले की जांच कराकर निराकरण किया जायेगा और भुगतान होगा.